


## एक नजर में



## शहीद जोशी की प्रतिमा को बांधी राखी

**उज्जैन।** रक्षाबंधन के पावन पर्व पर उज्जैन के फीगंज स्थित शहीद पार्क में देशभक्ति और श्रद्धा का अनूठा नजारा देखने को मिला। यहां कारगिल युद्ध के वीर सपूत अमर शहीद बलराम जोशी की प्रतिमा को महामंडलेश्वर गुरु मां आनंदमयी पुरी ने राखी बांधी। इस अवसर पर देश की सीमाओं पर तैनात रहकर देश की रक्षा करने वाले सभी जवानों की दीर्घायु की कामना की गई। शहीद को रक्षासूत्र बांधने और उन्हें नमन करने के लिए पार्क में बड़ी संख्या में शहरवासी पहुंचे। कारगिल युद्ध के समय जब पूरा देश राष्ट्रभक्ति की भावना से ओतप्रोत होकर पाकिस्तान के खिलाफ खड़ा था, तब उज्जैन के वीर जवान बलराम जोशी ने अद्वितीय शौर्य का परिचय दिया था। उन्होंने नाल चौकी पर अनेक दुश्मनों को धूल चटाते हुए मां भारती के चरणों में अपने प्राणों की आहुति दे दी थी। 11 जुलाई 2000 को वीरगति प्राप्त करने वाले अमर शहीद बलराम जोशी अपनी तीन बहनों के इकलौते भाई थे। उनकी शहादत को चिरस्थायी बनाने के लिए प्रतिवर्ष रक्षाबंधन, उनके जन्मदिन और 11 जुलाई को शहीद दिवस के अवसर पर शहीद पार्क में बड़े स्तर पर कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। इन आयोजनों में उज्जैन के नागरिक भारी संख्या में एकत्रित होकर अपने नायक को श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं।




## एक हजार ब्राह्मणों ने किया श्रावणी उपाकर्म

**उज्जैन।** श्रावण पूर्णिमा के अवसर पर शुक्रवार को मोक्षदायिनी शिप्रा तट पर श्री गुर्जर गौड़ ब्राह्मण समाज के जनेऊधारी ब्राह्मणों और बटुकों ने श्रावणी उपाकर्म किया। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच शिप्रा नदी में स्नान कर एक हजार से अधिक विप्रजनों ने पुरानी जनेऊ उतारकर नूतन यज्ञोपवीत धारण किया। श्री गुर्जर गौड़ ब्राह्मण समाज कार्तिक चौक के अध्यक्ष उत्तम दुबे ने बताया कि अलग-अलग समय में हुए इस अनुष्ठान में बड़ी संख्या में समाजजन शामिल हुए। आचार्य पुनीत मेहता और शिप्रा वल्लभ मेहता ने वैदिक विधान से पूजा संपन्न कराई। इस दौरान ब्राह्मणों ने अपने पितरों का तर्पण किया तथा भगवान गणेश, विष्णु, सप्तऋषि और माता अरुंधती का पूजन किया गया। यज्ञोपवीत बदलने के लिए हेमाद्रि कर्म किया गया। इसमें शुद्धि स्नान और प्रायश्चित का संकल्प लेते हुए जाने-अनजाने में हुए समस्त दोषों से मुक्ति की प्रार्थना की गई। धार्मिक मान्यता है कि इस कर्म से देवता और पितर प्रसन्न होते हैं। श्रावणी पर्व ब्राह्मणों के लिए विशेष महत्व रखता है। इस दिन आत्मशुद्धि, प्रायश्चित और वेदों के अध्ययन का संकल्प लिया जाता है। समाज द्वारा प्रतिवर्ष रक्षाबंधन पर शिप्रा तट पर यह परंपरा बड़े स्तर पर निभाई जाती है।

## पाटीदार ने सौंपी संगठनात्मक जिम्मेदारी

**उज्जैन।** भारतीय जनता पार्टी पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष पवन पाटीदार ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल की सहमति से संगठनात्मक कार्यों के लिए जिला प्रभारियों की घोषणा की है। इसमें मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के विधानसभा क्षेत्र उज्जैन दक्षिण से लखन हरिओम पोरवाल को पिछड़ा वर्ग मोर्चा का देवास जिला प्रभारी नियुक्त किया गया है। पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश कार्यालय मंत्री रामबाबू यादव द्वारा जारी पत्र के अनुसार, नवनियुक्त प्रभारियों को कई महत्वपूर्ण संगठनात्मक कार्य सौंपे गए हैं। मध्यप्रदेश की वर्तमान व आगामी चुनौतियों का विवरण तैयार कर संगठन को जानकारी उपलब्ध कराने का दायित्व भी प्रभारियों को दिया गया है।

# रक्षाबंधन पर बहनों के स्नेह से सराबोर रहा सीएम का उज्जैन प्रवास

### सीएम ने अंगारेश्वर महादेव और सागोती माता मंदिर में पूजा-अर्चना की, महाकाल और नगर निगम की महिला कर्मचारियों ने भी मुख्यमंत्री को बांधी राखी

**उज्जैन।** रक्षाबंधन पर्व पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का उज्जैन प्रवास धार्मिक आस्था और बहनों के स्नेह से सराबोर रहा। मुख्यमंत्री ने अंगारेश्वर महादेव मंदिर पहुंचकर विधि-विधान से दर्शन-पूजन किया और देश-प्रदेश तथा सुख, शांति और समृद्धि की कामना की। मंदिर में पूजन पंडित मनीष उपाध्याय ने संपन्न कराया। इस दौरान जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी और जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का अंगारेश्वर महादेव मंदिर से विशेष जुड़ाव रहा है और वे समय-समय पर यहां दर्शन-पूजन के लिए पहुंचते रहे हैं। मुख्यमंत्री की मंशा के अनुरूप अब अंगारेश्वर महादेव मंदिर परिसर के कायाकल्प और सौंदर्यीकरण की दिशा में भी विकास कार्य किए जाएंगे। मंदिर परिसर को बेहतर स्वरूप देने के साथ श्रद्धालुओं की सुविधाओं को बढ़ाने की योजना पर काम किया जा रहा है।

अंगारेश्वर मंदिर में दर्शन के दौरान उज्जैन उत्तर के विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष रवि सोलंकी, कलेक्टर रोशन कुमार सिंह, एसपी प्रदीप शर्मा, नगर निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा, संभाग आयुक्त आशीष सिंह और आईजी राकेश गुप्ता सहित प्रशासन एवं पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। महाकाल मंदिर और नगर निगम में कार्यरत महिला कर्मचारियों के लिए यह अवसर विशेष रहा।



### मंदिरों का होगा कायाकल्प

मुख्यमंत्री की मंशाअनुसार उज्जैन में सिंहस्थ 2028 की तैयारियों के साथ धार्मिक स्थलों के विकास पर भी विशेष जोर दिया जा रहा है। शहर और आसपास के एक दर्जन से अधिक प्रमुख मंदिरों के कायाकल्प और विकास की योजना तैयार की गई है। इसके लिए उज्जैन विकास प्राधिकरण द्वारा टेंपल बॉन्ड योजना के माध्यम से वित्तीय संसाधन जुटाए जा रहे हैं। विकास कार्यों के लिए करीब 648 करोड़ रुपए का ऋण लिया जा रहा है। इसका उद्देश्य मंदिरों के विकास के साथ श्रद्धालुओं के लिए सुविधाओं का विस्तार और धार्मिक स्थलों का बेहतर सौंदर्यीकरण करना है।

### सामुदायिक पुलिस केंद्र में बांधी राखी

धार्मिक स्थलों पर दर्शन-पूजन के बाद मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव सामुदायिक पुलिस केंद्र पहुंचे। यहां बड़ी संख्या में बहनें मुख्यमंत्री के स्वागत के लिए मौजूद थीं। सैकड़ों बहनों ने मुख्यमंत्री की कलाई पर राखी बांधी और उन्हें रक्षाबंधन की शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री ने भी बहनों का आशीर्वाद लिया और उनके सुख-समृद्धि की कामना की। बहनों ने मुख्यमंत्री को मिठाई खिलाकर रक्षाबंधन का उत्सव मनाया। इसके बाद मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव वीआईपी गेस्ट हाउस पहुंचे। यहां महाकाल मंदिर में सेवाएं देने वाली महिला कर्मचारियों, सुरक्षा व्यवस्था में तैनात महिला कर्मियों, स्वच्छता कार्य में जुटी महिला कर्मचारियों तथा नगर निगम की महिला स्वच्छता कर्मियों ने मुख्यमंत्री को राखी बांधी।

# डॉ. तोमर हत्याकांड: सगाई तुड़वाने से नाराज भतीजो ने की थी चाचा की हत्या

**उज्जैन/घट्टिया।** पशु चिकित्सालय से सेवानिवृत्त डॉक्टर की विगत शनिवार-रविवार रात हत्या कर दी गई थी। घटनाक्रम के बाद से पुलिस मामले की पड़ताल में लगी थी। मृतक के भतीजों को हिरासत में लिया गया था, जिनसे पूछताछ में सुराग मिल गया है। दोनों ने सगाई तुड़वाने और जमीन हड़पने से नाराज होकर हत्या को अंजाम दिया था। पुलिस ने दोनों को न्यायालय में पेश कर रिमांड पर लिया है।

घट्टिया थाना क्षेत्र के बस स्टेंड के पास सांवरिया सदन में रहने वाले सेवानिवृत्त पशु चिकित्सक गजराज पिता किशोरसिंह तोमर 70 साल की चाकू मारकर हत्या कर दी गई थी। घट्टिया थाना पुलिस ने हत्या का मामला दर्जकर जांच में लिया गया था। मामला पारिवारिक विवाद से जुड़ा होना सामने आया था, मृतक गजराज का कुछ दिन पहले भतीजे विनायक तोमर से विवाद हुआ था, उसने धमकी दी थी। मामला जमीन विवाद, उधार रूपयों के साथ सगाई तुडवाने से जुड़ा था। गजराज ने अपने दूसरे भाई के पुत्र राहुल तोमर की भी जमीन हड़प ली थी जिसके चलते दोनों भतीजे कई दिनों से नाराज चल रहे थे। पुलिस ने जमीन विवाद और पारिवारिक विवाद सामने आने के बाद दोनों को हिरासत में ले लिया था लेकिन दोनों अपना गुनाह कबूल नहीं कर रहे थे। दोनों ने पूरी साजिश रच कर हत्या को अंजाम दिया था और कोई ऐसे सबूत भी घटनास्थल पर नहीं छोड़े जिससे पुलिस सीधे तौर पर उनको आरोपी मान सके, लेकिन घटिया थाना प्रभारी करण खोवाल और उनकी टीम ने तकनीकी साक्ष्यों की बारीकी से जांच करते मामले का पर्दाफाश कर दिया। तकनीकी आधार सामने आते ही पुलिस ने दोबारा पूछताछ की तो वह टूट गए और दोनों ने अपने चाचा की हत्या करना कबूल कर लिया उन्होंने कहा कि चाचा से काफी परेशान हो गए थे जिसके चलते हत्या की है। थाना प्रभारी खोवाल के अनुसार दोनों आरोपियों को शुक्रवार दोपहर न्यायालय में पेश कर अन्य साक्ष्य एकत्रित करने के लिए 1 दिन की रिमांड पर लिया गया है। बताया जा रहा है कि राहुल जमीन हड़पने से नाराज था। वहीं विनायक की सगाई हो चुकी थी कुछ दिनों पहले उसकी मंगेतर के परिवार को बाय पोस्ट एक पत्र मिला था, जिसमें उसकी गतिविधियों की जानकारी दी गई थी। वह पत्र उसकी मंगेतर के परिवार ने विनायक को भेजा था। जिसके चलते भतीजे विनायक का शंका थी कि पत्र चाचा ने भेजा है, वह हेडराईटिंग मिलान के प्रयास में था जिसको लेकर विवाद की स्थिति बनी थी। साजिश विनायक द्वारा रची गई, जिसमें चचेरे भाई को भी शामिल कर लिया था।

## भाई की कार खाई में गिरी, बहन घायल

**उज्जैन।** बड़नगर के पास रक्षाबंधन पर्व पर बहन को ससुराल से घर ला रहे भाई की कार हादसे का शिकार हो गई। हादसे में भाई-बहन घायल हो गए, जबकि बहन का ढाई साल का बेटा चमत्कारिक रूप से सुरक्षित बच गया। जानकारी के अनुसार ग्राम नरसिंगा निवासी कुलदीप सिंह चावड़ा अपनी बहन शिवानी को लेने ग्राम सारोला गए थे। वापसी में ऑल्टो कार क्रमांक एमपी-09 डब्ल्यूएल 3311 से घर लौट रहे थे। तभी पीरझलार गांव के पास कार अनियंत्रित होकर खंती में उतर गई। हादसे में शिवानी गंभीर रूप से घायल हो गई। जबकि कुलदीप को भी चोटें आईं।

## अलख मेहर धाम में बांधे रक्षा सूत्र, लिया रक्षा का वच, विजेताओं को किया पुरस्कृत

**उज्जैन।** भारतीय सिंधु सभा द्वारा शुक्रवार प्रात: शिवाजी पार्क स्थित अलख मेहर धाम में रक्षा सूत्र बंधन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बहनों ने भाइयों को रक्षा सूत्र बांधकर उनसे रक्षा का वचन लिया। इसके पश्चात सिंधी भाषा और संस्कृति को जीवित रखने तथा घर-घर पहुंचाने के उद्देश्य से विशेष प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के प्रारंभ में मुख्य अतिथि आत्म दास का स्वागत महिला शाखा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पुष्पा कोटवानी, प्रदेश सचिव डॉ. मीना वाधवानी, अध्यक्ष स्वाति गजरानी और कोषाध्यक्ष भारती सनमुखानी ने किया। इसी तरह अमोलक का सम्मान महासचिव महेश गंगवानी और मोहन राजवानी ने, अमरदास का स्वागत सचिव राजकुमार परसवानी और दीपक राजवानी ने, मुनि का रेशमा गंगवानी ने, रामदास का मुस्कान राजदेव और लीना लालवानी ने तथा तीर्थदास का स्वागत संजय लालवानी और सुरेश सनमुखानी ने किया। अध्यक्ष रमेश गजरानी ने रक्षा सूत्र बंधन के पौराणिक महत्व की जानकारी दी। आत्म दास ने अपने प्रवचन में सभी को बधाई देते हुए आशीर्वाद प्रदान किया, जिसके पश्चात अमोलक ने अरदास करवाई। सिंधी संस्कृति पर आधारित प्रतियोगिता में दीपक राजवानी, चांदीराम और वीणा परसवानी ने पुरस्कार जीते। डॉ मीना ने भी भाषा और संस्कृति के संरक्षण को लेकर अपने विचार रखे।

आयोजन के दौरान उपस्थित सभी लोगों का सामूहिक छायाचित्र लिया गया। इस अवसर पर चमनदास लखानी, गोपाल दास वाधवानी, ईश्वर चंचलानी, दयाराम कुकरेजा, चतरु वसनानी और वीर मामनानी विशेष रूप से उपस्थित थे। कार्यक्रम का मंच संचालन रमेश गजरानी ने किया तथा आभार महासचिव महेश गंगवानी ने माना। अंत में स्वल्पाहार के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ।

# ट्रैक्टर शोरूम संचालक की चाकू मारकर हत्या

- मामूली कहासुनी पर विवाद, तड़के 5 बजे मिली लाश, दो दोस्त भी घायल

**उज्जैन। रात में एक बार फिर शहर में हत्या का मामला सामने आया है। ट्रैक्टर शोरूम का संचालन करने वाले युवक की चाकू मारकर हत्या कर दी गई। घटनाक्रम में दो दोस्त भी घायल हुए हैं। शोरूम संचालक ने भाग कर जान बचाने का प्रयास किया था लेकिन कुछ दूर जाने के बाद गिर गया था। घटना के 2 घंटे बाद उसकी लाश मिलना बताया जा रहा है।**

मामला माधव नगर थाना क्षेत्र के दमदमा स्थित जिला पंचायत के पास का है। जहां तड़के 5 के लगभग यश पिता विजय नारायण मित्तल 27 साल निवासी ऋषि नगर मूल निवासी तराना की खून से सनी लाश मिली थी। पुलिस जांच के लिए पहुंची तो सामने आया कि यश मित्तल कृषि उपज मंडी में अपने चाचा के साथ महिंद्रा ट्रैक्टर शोरूम का संचालन करता था। पुलिस को पता चला कि रात में यश अपने चार-पांच दोस्तों के साथ कार से एक दोस्त को छोड़ने के लिए बाइक से जा रहा था। दमदमा मोड पर ढाई बजे के लगभग बीच रास्ते में खड़े कुछ युवकों से हॉर्न बजाकर गाड़ी हटाने की बात को लेकर विवाद हो गया था। रास्ते में खड़े 7 से 8 युवकों ने पहले कार पर पत्थर से हमला हमला किया और कांच फोड़ दिया। यश और उसके दोस्त बाहर निकले और कांच फोड़ने का कारण पूछा तो युवकों ने यश पर चाकू से हमला कर दिया। यही नहीं पत्थरबाजी में प्रियांश घायल हो गया और मंगल वर्मा के हाथ पर चाकू लगा। विवाद बढ़ता देख यश जान बचाकर पैदल भाग निकला था वहीं सभी दोस्त भी कार से भाग कर माधवनगर पुलिस थाने की और आ गए। जहां पुलिस को घटना बताई और दोस्त यश मित्तल की तलाश में दोबारा घटनास्थल पहुंचे। पुलिस ने आसपास चाकू लगने से घायल यश की तलाश शुरू की तड़के 5 बजे के लगभग उसका शव जिला पंचायत कार्यालय से कुछ दूरी पर एक गुमटी के पीछे मिल गया। पुलिस ने दोस्त अमित की शिकायत पर मामले में प्रकरण दर्ज किया है।



### पुलिस ने की रात में ही आरोपियों की धरपकड़

माधव नगर थाना पुलिस ने चाकू बाजी का मामला सामने आने के बाद ही आरोपियों की धरपकड़ के प्रयास शुरू कर दिए थे। इस दौरान सामने आया कि चाकू मारने वालों में आयुष शर्मा, विजय सिंह ठाकुर, विशाल ठाकुर, आकाश, करण, सागर, शेंटू और अन्य शामिल हैं। सभी दमदमा क्षेत्र के ही रहने वाले हैं। पुलिस ने उनके घरों पर दबिश दी। सूत्रों से मिली जानकारी अनुसार पुलिस ने चार से पांच को हिरासत में ले लिया है। जिनसे पूछताछ की जा रही है। फिलहाल हिरासत में लिए गए आरोपियों के नाम का खुलासा नहीं किया गया है।

# तिरुपति गोल्ड कॉलोनी में रहवासी सोसायटी का गठन, यादव अध्यक्ष मनोनीत

**उज्जैन।** पंचक्रोशी मार्ग स्थित तिरुपति गोल्ड कॉलोनी में नागरिक सुविधाओं और विकास कार्यों को गति देने के लिए रहवासियों ने एक नई सोसायटी का गठन किया है। मंदिर परिसर उद्यान में आयोजित बैठक में सर्वसम्मति से इसका नाम तिरुपति हनुमान हाउसिंग सोसायटी तय किया गया। जानकारी देते हुए हेमंत सेन ने बताया कि सोसायटी के पंजीयन और शासकीय विभागों से जुड़े आवश्यक कार्यों के लिए 10 सदस्यीय पदाधिकारियों का चयन किया गया है।

बैठक के दौरान कॉलोनी के उपस्थित रहवासियों ने विकास, रखरखाव, साफ-सफाई, सुरक्षा, स्ट्रीट लाइट, सड़क, नाली और पेयजल जैसी मूलभूत सुविधाओं के संबंध में चर्चा की। इसके बाद कॉलोनी के समुचित विकास एवं रहवासियों के हित में सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित कर प्रतिनिधियों का चयन किया गया। इस समिति में कॉलोनी की तीनों गलियों को समान प्रतिनिधित्व दिया गया है। चर्चा के उपरांत सभी रहवासियों ने महादेव और हनुमान की आरती भी की।



### सर्वसम्मति से कार्यकारिणी गठित की

बैठक में सर्वसम्मति से चुनी गई कार्यकारिणी में संतोष यादव को अध्यक्ष, प्रिया ठाकुर तथा प्रमोद चौधरी को उपाध्यक्ष, जितेन्द्र गुथेनिया को सचिव, शोभा सेन को संयुक्त सचिव एवं गोकुल मालवीय को कोषाध्यक्ष चुना गया है। इसके साथ ही गोपाल चौहान, महेश देवड़ा, सरोज पंडित और योगिता पाटिल को कार्यकारिणी सदस्य का दायित्व सौंपा गया है।

## 31 अगस्त से होगी श्री राम विवाह कथा

उज्जैन। मित्रता के साक्षी श्री कृष्ण-सुदामा धाम नारायणा में जन्माष्टमी महोत्सव की तैयारियां प्रशासन और मंदिर समिति ने शुरू कर दी हैं। डॉ. दुर्गा शंकर पांचाल बांदका ने बताया कि श्रावण पूर्णिमा से शुरू होने वाले इस महोत्सव का समापन जन्माष्टमी की मध्यरात्रि 12 बजे महाआरती और महाप्रसादी वितरण के साथ होगा। आयोजन के दौरान संस्कृति विभाग द्वारा प्रतिदिन रात में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां दी जाएंगी। महोत्सव के तहत 31 अगस्त से 4 सितंबर तक अयोध्या वासी संत मीरा दीदी के मुखारविंद से श्री राम विवाह महोत्सव कथा होगी। 28 को धाम में भव्य ध्वज उत्सव मनाया गया। ध्वज उत्सव के लाभार्थी ईश्वर चौधरी गुराडिया सांगा रहे। इस आयोजन में हजारों की संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए।

# संभाग स्तरीय स्पर्धा में उज्जैन के खिलाड़ियों ने जीते 5 स्वर्ण

- लगातार दूसरे वर्ष मिली सफलता, छह में से पांच कैटेगरी में उज्जैन रहा अव्वल

**उज्जैन।** शहर के प्रतिभावान खिलाड़ियों ने संभाग स्तरीय प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए उज्जैन का नाम रोशन किया है। खिलाड़ियों ने अपनी मेहनत, लगन और अनुशासन से छह में से पांच कैटेगरी में स्वर्ण और एक कैटेगरी में रजत पदक हासिल कर शहर का मान बढ़ाया है। स्पर्धा में वनाधि चौधरी, अद्विका सिंह, आशी यादव, अर्पण, आदर्श, लविन, नित्या, मनस्वी, अनुजा, वर्णिका, जयादित्य, शिवांश, तनिष्क, पार्थ, हर्ष और आराध्य ने उज्जैन के लिए स्वर्ण पदक प्राप्त किया। वहीं तोशी, धैर्या तथा रूतवी ने अपने शानदार खेल से रजत पदक अपने नाम किया। कोच योगेश बंदेवार के प्रशिक्षण में लगातार दूसरे वर्ष उज्जैन ने पांच स्वर्ण पदक प्राप्त करने की उपलब्धि हासिल की है। योगेश बंदेवार एवं ऋतु शर्मा द्वारा आयोजित इस स्पर्धा में खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का बेहतर मंच मिला। मुख्य अतिथि अश्विन शर्मा और दीपेंद्र देवड़ा ने सराहना की। इस अवसर पर अतिथि के रूप में राहुल और सत्येंद्र भी उपस्थित रहे। इस उपलब्धि पर विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा, वैभव यादव, दीपेंद्र देवड़ा, दिनेश जाटबा, प्रभात सिरसट सहित अन्य ने हर्ष व्यक्त करते हुए सभी को शुभकामनाएं दी हैं।



# रक्षाबंधन पर धर्मसभा में दिखा प्रेम, पवित्रता और सुरक्षा का त्रिवेणी संगम

- अरविंद नगर स्थित श्री नागेश्वर पार्श्वनाथ जैन मंदिर में चल रहे अलौकिक चातुर्मास

**उज्जैन।** स्थानीय अरविंद नगर स्थित श्री नागेश्वर पार्श्वनाथ जैन मंदिर में चल रहे अलौकिक चातुर्मास के दौरान शुक्रवार को धर्मसभा में पंन्यास प्रवर श्री ऋषभरत्न विजयजी महाराज ने पुष्पचूलिका आगम पर आध्यात्मिक प्रवचन दिया।

धर्मसभा विजय जितेन्द्रसूरि एवं विजय वीररत्नसूरि के दिव्य आशीष तथा विजय पद्मभूषणरत्नसूरि, ऋषभरत्नविजय एवं साध्वी भक्तिरेखा के पावन सान्निध्य में आयोजित हो रही है। प्रवचन के दौरान गुरुभगवंत ने रक्षाबंधन पर्व को प्रेम, पवित्रता और सुरक्षा का त्रिवेणी संगम बताया। उन्होंने कहा कि भाई-बहन के पवित्र रिश्ते में स्नेह, विश्वास और सुरक्षा का भाव निहित होता है, जहां बहन भाई के मंगलमय जीवन की कामना करती है और भाई उसकी सुरक्षा का संकल्प लेता है।




### राखी के धागे से कर्मबंधन की मुक्ति तक

गुरुदेव ने स्पष्ट किया कि संसार में केवल परिवार या समाज के संबंध ही बंधन नहीं हैं, बल्कि राग, द्वेष, क्रोध, मान, माया, लोभ और मोह के आंतरिक बंधन भी आत्मा को जकड़े हुए हैं। जब मनुष्य संयम, तप और सद्विचारों को अपनाता है, तब वह आध्यात्मिक मुक्ति की ओर अग्रसर होता है।

एक नजर में

### पंचामृत से अभिषेक कर जनेऊ धारण कराई, सवा लाख लड्डू का भोग लगाया, दिनभर वितरण

# भस्मारती में पुजारी परिवार की महिलाओं ने सबसे पहले बांधी राखी

**उज्जैन।** रक्षाबंधन पर्व पर शुक्रवार को सबसे पहली राखी भगवान महाकाल को अल सुबह हुई भस्मारती में बांधी गई। पुजारी परिवार की महिलाओं ने खुद अपने हाथों से यह राखी घर पर तैयार की थी। 2 फीट की जरी व मखमली वस्त्र पर तैयार यह आकर्षक राखी देखते ही बन रही थी।

भस्मारती में पुजारी ओम गुरु, आकाश शर्मा, राजेश शर्मा, जितेंद्र गुरु, राघव गुरु ने चांदी गेट का ताला खोलकर प्रथम घंटी बजाकर भगवान महाकाल को जगाया। इसके बाद पश्चात पंचामृत से अभिषेक-पूजन किया गया। रक्षाबंधन पर्व पर नई जनेऊ अर्पित की गई तथा भांग-सूखे मेवे और ड्रायफ्रूट्स से दिव्य श्रृंगार किया गया। चांदी के आभूषण धारण कराए गए। फल व मिठाईयों के साथ घेवर-फेनी और सबसे विशेष सवा लाख बेसन के शुद्ध घी से तैयार लड्डू चढ़ाए गए। इसके बाद भस्मारती हुई और आरती के बाद आम श्रद्धालुओं को महाप्रसाद के यह लड्डू दिनभर वितरित किए गए। महाकाल मंदिर में कई बहनों ने भी भगवान महाकाल को राखी पुजारियों के जरिए चढ़वाई और आशीर्वाद लिया। मंदिर के अभिषेक स्थल पर सवा लाख लड्डुओं की झांकी सजाई गई थी। महाकाल में पहली राखी बंधने के बाद शहर में घर-घर में विभिन्न मुहूर्तों के साथ रक्षाबंधन पर्व मनाया गया। बहनों ने भाईयों को तिलक कर कलाई पर राखी बांधी। रक्षाबंधन के पावन पर्व पर देश-विदेश के श्रद्धालुओं ने अपने आराध्य बाबा महाकाल के प्रति प्रेम और आस्था व्यक्त करते हुए राखियां भेजीं। इन राखियों को भस्म आरती एवं पूजन-श्रृंगार के दौरान बाबा महाकाल को अर्पित किया गया। इधर पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं वर्तमान में मप्र की विधानसभा के अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर रक्षाबंधन पर्व के दिन बाबा महाकाल के दरबार में दर्शन-पूजन के लिए पहुंचे। उन्होंने गर्भगृह के बाहर से दर्शन कर आशीर्वाद लिया और पंडे-पुजारियों से पूजन कराया। कोटितीर्थ कुंड के किनारे श्री तोमर का मंदिर प्रबंध समिति की ओर से स्वागत किया गया।



### मां गढ़कालिका को लगाया घेवर-फेनी का भोग

उज्जैन के प्रसिद्ध सिद्धपीठ के रूप में देशभर में विख्यात मां गढ़कालिका के दरबार में भी रक्षाबंधन का पर्व शुक्रवार को मनाया गया। इस अवसर पर मंदिर की शासकीय पुजारी महंत करिश्मानाथ ने देवी का पूजन-अर्चन किया। राखी चढ़ाई व ढोल-नगाड़ों से आरती कर घेवर-फेनी का महाभोग अर्पित किया। मंदिर में दिनभर दर्शन के लिए आए श्रद्धालुओं को यह प्रसाद वितरित किया गया। रक्षाबंधन पर्व पर मंदिर में फूलों की सजावट की गई व राखियों की आकृति भी बनाई गई थी।